संख्या:40/2017/1358जेएल/22-3-17-20/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 12 मई, 2017***

विषय: जिला कारागार, बांदा में निरूद्ध मा0 सदस्य विधान सभा/विचाराधीन बंदी मोख्तार अंसारी पुत्र श्री सुभान उल्लाह अंसारी को दिनांक 15-05-2017 को विधान सभा सत्र में भाग लिये जाने व सत्र के दौरान जिला कारागार, सीतापुर में रोके जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-15266/सामा-1(2)/इला0परि0/2014, दिनांक 11-05-2017 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 विशेष न्यायाधीश, उ0प्र0 गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986/अपर सेशन न्यायाधीश, कक्ष संख्या-3, गाजीपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 11-05-2017 के अनुपालन में सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा जिला कारागार, बांदा में निरूद्ध मा0 सदस्य विधान सभा/विचाराधीन बंदी मोख्तार अंसारी पुत्र श्री सुभान उल्लाह अंसारी को विधान मण्डल सत्र के दौरान रात्रि विश्राम हेतु जिला कारागार, सीतापुर में निरूद्ध किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2- बंदी की निरूद्धि की यह अंतरिम व्यवस्था है। सत्र की समाप्ति के उपरान्त उक्त बंदी को वापस जिला कारागार, बांदा में निरूद्ध कर दिया जायेगा।

3- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

संख्या:40/2017/1358जेएल(1)/22-3-17-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3- पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ जोन, लखनऊ।
4- जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ/बांदा/सीतापुर।
5- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लखनऊ/पुलिस अधीक्षक, बांदा/सीतापुर।
6- वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, बांदा/लखनऊ एवं अधीक्षक, जिला कारागार, सीतापुर।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in